CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 236 ▫ रायपुर, बुधवार 18 सितम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जम्मू-कश्मीर में मतदान के लिए दिखा भारी उत्साह

### एक बजे तक 41.17 फीसदी मतदान, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा पुलवामा में सबसे कम वोटिंग



**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो रहा है। आज शाम 6 बजे तक सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के राजपोरा विधानसभा क्षेत्र से जेकेएनसी उम्मीदवार गुलाम मोहि उद्दीन मीर ने एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। यहां 1 बजे तक 41.17 प्रतिशत मदतान हो गया था। अभी तक किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा पुलवामा में सबसे कम वोटिंग होने की खबर है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ला स्थित मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद मतदान कुछ देर के लिए रोक दिया गया। किश्तवाड़ से भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार ने कहा कि (पीडीपी) उम्मीदवार यहां आए और कहा कि यह लड़की पीड़ित कार्ड खेल रही है और सहानुभूति पाने की कोशिश कर रही है। मुझे बुरा लगा। मैंने कहा कि मैं पीड़ित कार्ड क्यों खेलूंगी और कहा कि आपने मुझे पीड़ित बना दिया है। उन्होंने मुझे धक्का देने की कोशिश की। पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता उस जगह में घुस गए जहां मतदान हो रहा था। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के डीएम राजेश कुमार ने कहा कि यहां लोगों में कुछ भ्रम की स्थिति थी, इसे सुलझा लिया गया है। पहचान को लेकर कुछ समस्या थी, एक व्यक्ति के पास पहचान पत्र नहीं था। स्थिति सामान्य है, मतदान फिर से शुरू हो गया है।

#### जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के 5 लोगों की बेरहमी से हत्या

## डरे सहमे परिवार के सदस्य गांव छोड़ने को हुए मजबूर



**सुकमा,** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। जिले के थाना कोंटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम एतकल में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या 15 सितंबर को कर दी गई थी। आरोपियों द्वारा जादू-टोने के शक में लाठी/डण्डे से पीट कुट पीट कर घटना को अंजाम दिया था। डरे सहमे परिवार के सदस्य घर गाँव छोड़ने को मजबूर हो गए है, परिवारजन रोते बिलखते रहे। इस पूरे मामले में सुकमा पुलिस ने घटना के संबंध में टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

घटना के अपराध कायमी के पश्चात तत्काल 5 आरोपी जो कि सभी ग्राम एतकल थाना कोंटा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया था, प्रकरण की विवेचना में चश्मदीद गवाह स्वतंत्र साक्षी एवं आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में शामिल अन्य 1 महिला सहित कुल 12 आरोपी जो कि सभी निवासी ग्राम एतकल थाना कोंटा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया। घटना में शामिल अब-तक 1 महिला सहित कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त लाठी/डण्डा को बरामद किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पाकिस्तान में 50 किलोमीटर अंदर तक घुस आया तालिबान

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दुनिया के किसी भी मुल्क में चले जाइए। सबसे सस्ती और सबसे उपलब्ध चीजों में से एक चाय है। वैसे तो पाकिस्तान में एक चाय की कीमत 40 से 50 पाकिस्तानी रुपए है। लेकिन पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ की एक कप चाय उसके मुल्क को बहुत महंगी पड़ रही है। अफगान सीमा पर मुनीर के सैनिक मारे जा रहे हैं। डुरंड लाइन पर रह रहे लोगों को अपना आशियाना छोड़ना पड़ रहा है। पहले से ड्रैगन के पास गिरवी रखी पाकिस्तान की जमीन पर अब तालिबान कब्जा कर रहा है। डेढ़ साल पहले तक पाकिस्तान के कर्ता-धर्ता यानी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व आईएसआई चीफ हामिद मीर दोनों ही इस वक्त जेल में हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा पर जो हालात हैं उसके लिए मौजूदा स्टैबलिशिमेंट इमरान और फैज हामिद को जिम्मेदार ठहरा रही है। अफगान इलाके से पाकिस्तान की चेक पोस्टों पर बड़े हथियारों से लगातार फायरिंग की खबर आई है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार ने पूर्व आईएसआई चीफ के एक कप चाय का जिक्र कर कहा कि सब ठीक हो जाएगा। मैं यहां सिर्फ एक कप चाय के लिए आया था। क्या था वो और उसके बाद क्या हुआ। मैंने ये बात ऊपर रखी। दरअसल, बीते कुछ दिनों से पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा पर जबरदस्त संघर्ष जारी है। युद्ध जैसे हालात हैं। अफगानिस्तान की तालिबान फोर्स लगातार फौज को निशाना बना रही है। काबुल और कंधार से बड़े बड़े टैंकों की मूव शुरू हो गई है। पाकिस्तानी कैंपों पर बड़े बड़े रॉकेट दागे जा रहे हैं।

### आतिशी को लेकर भाजपा ने फिर साधा केजरीवाल पर निशाना

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अरविंद केजरीवाल, जो शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए और मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सबसे कम उम्र की कैबिनेट सहयोगी आतिशी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में चुनकर आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि इस बात की व्यापक आशंका थी कि केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करेंगे, लेकिन उन्होंने आतिशी को चुनकर उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हालांकि, इसको लेकर रादनीति भी हो रही है। भाजपा लगातार केजरीवाल पर निशाना साध रही है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जो इस्तीफे का नाटक कर रहे हैं वह इस्तीफा नहीं है, यह नया पद है। उन्होंने कहा कि पहले वह जेल के अंदर से सीएम थे, फिर जमानत मिलने के बाद वह सीएम बने और अब वह प्रॉक्सी सीएम बनकर काम कराएंगे। आतिशी एक प्रॉक्सी सीएम हैं. उन्हें दिल्ली का मनमोहन सिंह बना दिया गया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि चेहरा बदलने से क्या चरित्र बदल जाएगा?




**चूहा- सुनती हो, आतिशी को कठपुतली मुख्यमंत्री कहा जा रहा है।**

**चुहिया- हां जी, उसकी डोर अरविन्द केजरीवाल के हाथ में होगी।**

### झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच के लिए ईडी ने धन शोधन का मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (न्यूज चैनल) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में कुछ बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ के मामले की जांच के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया है, जिसके परिणामस्वरूप कथित तौर पर काले धन का सृजन हुआ। ईडी ने इस सिलसिले में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है, जो झारखंड पुलिस द्वारा जून में राज्य की राजधानी रांची के बरियातू पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जो काम की तलाश में दलालों की मदद से बांग्लादेश से भारत में कथित तौर पर घुसपैठ कर आई थी।

## कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के राहुल गांधी के खिलाफ बयान पर किया विरोध प्रदर्शन



**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया जो लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। आपको बता दें कि हाल में अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल ने कुछ ऐसे बयान दिए थे जिससे सिसायी बवाल शुरू हो गया। पलटवार में भाजपा और एनडीए के नेताओं की ओर से भी बयान दिए है।

**▪ हम संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं : देवेन्द्र यादव**

कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि हम राहुल गांधी के रास्ते पर चलते हुए संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हम बीजेपी से नहीं डरते। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के समर्थन में खड़ा है। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ विजयवाड़ा में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता अजय माकन ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित तौर पर देश का नंबर एक आतंकवादी कहने के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी (एआईएमसीसी) प्रमुख अलका लांबा के साथ कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष ने दिल्ली के तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में केंद्रीय मंत्री और तीन अन्य राजनीतिक नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## जवान ने अपने साथी जवानों पर की अंधाधुंध फायरिंग,2 की मौत, 2 घायल

**बलरामपुर** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। बेमतरा से एक बड़ी खबर आ रही है। एक जवान ने अपने ही साथी पुलिसकर्मियों को गोलियों से भून डाला है। घटना भूताही की है, जहां सीएएफ के आरक्षक ने साथी आरक्षको पर अंधाधुंध फायरिंग की है। जानकारी के मुताबिक इस घटना में 2 आरक्षको की मौत हुई है, जबकि 2 जवान घायल है।

सूत्रों के मुताबिक जिन दो आरक्षकों की मौत हुई है, उसमें आरक्षक रूपेश पटेल व आरक्षक संदीप पांडे शामिल है। जानकारी के मुताबिक गोली चलाने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।सामरी थाना क्षेत्र का ये पूरा घटना है। इधर घटनास्थल पर एसपी राजेश अग्रवाल रवाना हो गये हैं। एसपी राजेश अग्रवाल ने घटना की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक सीएएफ 11 वी वाहिनी के बी कंपनी की ये पूरी घटना है। गोली चलाने वाला और मृतक जवान इसी बटालियन के हैं। जानकारी के मुताबिक जिन जवान ने गोली चलायी उसका नाम अजय सिदार है।

### गणेश विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी, लड़की का फटा सिर

**बलरामपुर,** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में गणपति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी की घटना हुई है । कुछ लोगों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि विसर्जन के दौरान लोग पत्थरबाजी करने लगे। इस दौरान एक युवती को गंभीर चोट लग गई। पत्थर से चोट लगने से युवती का सिर फट गया। घटना बरियों पुलिस चौकी के आरा गांव की है। इस हादसे से समिति के लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पत्थरबाजी होने से लोग गुस्साए हुए है।

## करोल बाग में एक बिल्डिंग का हिस्सा ढहा 12 लोगों को सुरक्षित निकाला गया



**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के करोल बाग इलाके के बापा नगर इलाके में दो मंजिला मकान गिरने से मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम 12 लोगों को बचा लिया गया है। सुबह 9.11 बजे घटना की सूचना मिलने के बाद पांच दमकल गाड़ियों को खोज और बचाव अभियान के लिए मौके पर भेजा गया। बचाव अभियान अभी भी जारी है। घटना में अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है। करोल बाग में मकान ढहने की घटना दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में बारिश से संबंधित घटनाओं की सूची में नवीनतम थी।

दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी ने जिलाधिकारी को वहां रहने वाले लोगों और पीड़ितों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि घायलों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने घटना की जांच के भी आदेश दिये हैं। अपने एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा कि करोल बाग इलाक़े में मकान गिरने का ये हादसा बेहद दुखद है। मैंने ज़िलाअधिकारी को आदेश दिए हैं कि वहां रहने वाले लोगों और पीड़ितों की हर संभव मदद करें।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में हड़कंप, मजदूर की लाश मिली, मजदूरों में आक्रोश



**बलौदाबाजार,** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। जिले से हिरमी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मजदूरों के विश्राम गृह के पास एक मजदूर की लटकी हुई लाश मिली है. इस घटना से प्लांट में हड़कंप मच गया. वहीं सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही मजदूर की लाश को रस्सी काटकर हटा दिया गया था.घटना के बाद से मजदूरों में आक्रोश फैल गया है और मजदूर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं. घटना की सूचना पर सुहेला पुलिस मौके पर पहुंच गई है और कार्रवाई में जुट गई है.

मजदूरों ने मीडिया को बताया कि जब भी कंपनी में कोई घटना होती है तो कंपनी अक्सर उसे दबाने की कोशिश करती है और मजदूरों पर दबाव बनाती है. साथ ही नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दी जाती है, जिससे मजदूर भयभीत रहते हैं. आज की

**हिरमी की घटना**

घटना में भी यही हुआ है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने के पहले ही रस्सी से लटकी मजदूर की लाश को नीचे उतारकर वहां से हटा दिया गया था. घटना के बाद सुहेला थाना पुलिस समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. वहीं पुलिस मजदूरों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रही है. घटना के संबंध में एसडीओपी भाटापारा एश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि घटना हुई है पुलिस जांच में जुटी है. घटना का कारण अभी अज्ञात है. पंचनामा कार्रवाई की जा रही है. घटना के कारण की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही सामने आएगी.

## आज से पितृ पक्ष शुरू, नहीं होंगे कोई शुभ कार्य



**रायपुर,** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। आज से पितृपक्ष की शुरुआत हो गई है पितरों के श्राद्ध का क्रम आज से शुरू हो गया है 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पितृ पक्ष में श्राद्ध और तर्पण का विशेष महत्व है.हिंदू धर्म में पितृपक्ष या श्राद्ध पक्ष का विशेष धार्मिक महत्व है। यह वह समय होता है जब पितरों (पूर्वजों) की पूजा और तर्पण करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किए जाते हैं, जिन्हें पितरों के आशीर्वाद के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। पंचांग के अनुसार, पितृपक्ष का प्रारंभ आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है, जो इस वर्ष 17 सितंबर 2024 से शुरू हो चुका है। श्राद्ध की पहली तिथि 18 सितंबर, बुधवार से मानी जा रही है, जब पहला श्राद्ध किया जाएगा। पितृपक्ष का समापन सर्वपितृ अमावस्या के दिन होगा, जो 2 अक्टूबर 2024 को श्राद्ध के दिनों में पितरों की तस्वीर के सामने नियमित रूप से जल अर्पित करना आवश्यक माना जाता है। तर्पण की प्रक्रिया सूर्योदय से पहले की जाती है। इसके लिए पीपल के वृक्ष के नीचे जल पात्र (लोटा) में गंगाजल, सादा जल, दूध, बूरा, जौ और काले तिल डालकर 108 बार जल अर्पित किया जाता है। जल चढ़ाते समय मंत्रों का उच्चारण करना चाहिए।

यदि पितृ पक्ष में सपने में पानी या नदी, तालाब, या समुद्र दिखाई दे तो यह शुभ होता है. इसका अर्थ है कि, पितृ आपसे खुश हैं. उनकी आत्मा तृप्त है. यह सपना जीवन में सुख-समृद्धि का संकेत है.

## कंगना को चंडीगढ़ कोर्ट ने जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म निर्माता और सांसद कंगना रनौत की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां एक तरफ उनकी फिल्म की रिलीज अधर में अटकी हुई है वहीं एक एक और लीगल नोटिस कोर्ट ने कंगना रनौत को थमा दिया है। ताजा नोटिस में कंगना रनौत को कोर्ट में 5 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। यह नोटिस उनकी विवादित फिल्म इमरजेंसी को लेकर एक वकील द्वारा दायर याचिका पर दिया गया है।

ऐसा लगता है कि अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को लेकर कंगना रनौत की चुनौतियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अभिनेत्री को नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी फिल्म पर सिख समुदाय को कलंकित करने का आरोप लगाया गया है। इमरजेंसी भारत में उस आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है जिसे दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लगाया था। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़ की एक जिला अदालत ने इमरजेंसी को लेकर कंगना को नोटिस जारी किया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वकील रविंदर सिंह बस्सी ने कथित तौर पर एक आवेदन दायर किया है जिसमें दावा किया गया है कि कंगना ने इमरजेंसी में सिखों की छवि खराब करने की कोशिश की है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि आगामी रिलीज में समुदाय के खिलाफ कई झूठे आरोप हैं और उन्होंने कंगना के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया है। अभिनेत्री न केवल फिल्म में अभिनय कर रही हैं बल्कि इसका निर्देशन भी कर रही हैं।

CMYK